# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–01 जुलाई 2025** **सान्ध्य समाचार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज प्रदेश दौरे के दूसरे दिन गोरखपुर में गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का उद्‌घाटन किया। यह प्रदेश का पहला आयुष विश्वविद्यालय है। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि यह संस्थान पूरे देश के लिए बहुत महत्वपूर्ण होगा।

***यह विश्वविद्यालय हमारी समृद्ध प्राचीन परम्पराओं का नवनिर्मित तथा प्रभावशाली आधुनिक केन्द्र है। इस विश्वविद्यालय का लोकार्पण करके मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। यह लोकार्पण उत्तर प्रदेश ही नही, अपितु पूरे देश मेडिकल एजुकेशन और चिकित्सा सेवा के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगा।***

राष्ट्रपति ने कहा कि भारत में योग और स्वास्थ्य को संरक्षित करने की परम्परा प्राचीन है। उन्होंने वर्ष दो हजार सैंतालिस तक देश को विकसित बनाने के लिए इस परम्परा को आगे बढ़ाने की जरूरत पर बल दिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य और संस्कृति के एक नए युग की शुरुआत हो रही है।

राष्ट्रपति ने प्रदेश में आज से शुरू होकर सात जुलाई तक चलने वाले प्रदेशव्यापी वन महोत्सव की भी गोरखपुर से शुरूआत की। उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत आयुष विश्वविद्यालय में रुद्राक्ष का पौधा लगाया। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर लगी प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर उनके साथ प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल मौजूद रहीं।

इसी क्रम में शाम को राष्ट्रपति ने महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय का भी दौरा किया और वहां विभिन्न कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

**********

डिजिटल इंडिया के आज दस वर्ष पूरे हो गए हैं। डिजिटल इंडिया ने देश के आम नागरिकों को तकनीक से जोड़ा है जिससे लोगों का जीवन आसान हुआ है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक ब्लॉग में कहा है कि डिजिटल इंडिया एक जन आंदोलन बन गया है और यह आत्मनिर्भर भारत के निर्माण और भारत को दुनिया के लिए एक विश्वसनीय नवाचार भागीदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत डिजिटल शासन से वैश्विक डिजिटल नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है।

**********

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज रेलवन ऐप का शुभारंभ किया। यह सभी रेल यात्री सेवाओं के लिए वन–स्टॉप समाधान है। नई दिल्ली में सेंटर फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम के स्थापना दिवस पर उन्होंने बताया कि रेलवन ऐप के माध्यम से यात्री अनारक्षित टिकट भी बुक कर सकते हैं। रेलवन ऐप को एंड्रॉयड प्ले और आईओएस ऐप स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। इस अवसर पर रेलमंत्री ने कहा कि रेल अधिकारियों का पूरा ध्यान यात्रियों की सुरक्षा पर होना चाहिए।

***हमारा सारा फोकस कस्टमर की सेफ्टी पर पैसेंजर की सेफ्टी पर रहना चाहिए। सेफ्टी फस्ट कोई भी इंसीडेंस हो उसके रूट कॉज में जाना चाहिए। एकाउन्टीबिलिटी फिक्स होनी चाहिए। रूट कॉज को सॉल्व करके भविष्य में ऐसी प्रॉब्लम ना आए, वह हमें सोचना चाहिए। हमें अपने जितने भी इक्यूपमेंट यूज करते हैं, कई गुने बेहतर करने की कोशिश करनी चाहिए। क्वालिटी बहुत इंपॉर्टेंट है। बैटर क्वालिटी आने से रिलायबिलिटी बढेगी, रिलायबिलिटी बढ़ने से सेफ्टी बढ़ेगी। ऑपरेशंस सहज होंगे।***

**********

पूरे प्रदेश में परिषदीय स्कूल आज से खुल गए। इस अवसर पर स्कूल आने वाले बच्चों का रोली लगा कर स्वागत किया गया। आज से पंद्रह जुलाई तक पूरे प्रदेश में स्कूल चलो अभियान भी शुरू हो गया, जिसके तहत शिक्षक व सहयोगी घर घर जाकर अभिभावकों को बच्चों का नामांकन कराने और उन्हें स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर महराजगंज जिले में जनजागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसे जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

**********

प्रदेश भर में आज से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया गया। यह अभियान इकतीस जुलाई तक चलेगा। इसके तहत करीब एक दर्जन विभाग सामूहिक प्रयासों से संचारी रोगों की रोकथाम से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन करेंगे। प्रदेश के वाराणसी, गोरखपुर और कुशीनगर सहित कई जिलों में आज अभियान के उद्‌घाटन के मौके पर जनजागरूकता रैलियों और प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस अवसर पर गोरखपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश झा ने कहा कि अभियान के माध्यम से ही गोरखपुर में जापानी इंसेफेलाइटिस के मामलों और इससे होने वाली मृत्यु को रोका जा सका है।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी जिलों में सात जुलाई तक, जबकि पूर्वी जिलों में पांच जुलाई तक अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने और वर्षा होने की संभावना जताई है। विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक छह और सात जुलाई को पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर भी यही स्थिति बनी रहेगी। साथ ही पूरे प्रदेश में कहीं कहीं भारी बारिश और बिजली गिरने की भी चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी पांच दिनों में तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा। इस बीच, प्रदेश के अलग अलग हिस्सों में आज भी रुक रुक कर हल्की से लेकर मध्यम और कहीं कहीं तेज बारिश का क्रम जारी है।

**********